NTA UGC NET DECEMBER 2019 QUESTION PAPER

1. बुद्ध द्वारा बताए गए आर्य अष्टांगिक मार्गों में से निम्नलिखित कौन-सा मार्ग 'सम्यक् ज्ञान' (प्रज्ञा) का आधार है?

(a) सम्यक् वाक् और सम्यक् कर्मान्त
(b) सम्यक् कर्मान्त और सम्यक् आजीव
(c) सम्यक् स्मृति और सम्यक् समाधि
(d) सम्यक् दृष्टि और सम्यक् संकल्प

2. किस उपबोधन प्रतिमान में सौहार्द-स्थापन पर बल दिया जाता है?

(a) व्यक्ति-केन्द्रित उपबोधन
(b) निदेशात्मक उपबोधन
(c) व्यवहारपरक उपबोधन उपागम
(d) तर्कयुक्त उपबोधन

3. भारतीय संविधान की प्रस्तावना में भारत के लोगों के लिए विभिन्न प्रकार की स्वतन्त्रता का उल्लेख किया गया है। इनमें से किस प्रकार की स्वतन्त्रता का शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े व्यावसायिकों पर प्रत्यक्ष रूप से सम्बन्ध है?

(a) विश्वास और आस्था की स्वतन्त्रता
(b) विचार और अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता
(c) आस्था और उपासना की स्वतन्त्रता
(d) अभिव्यक्ति और विश्वास की स्वतन्त्रता

STUDY OF EDUCATION YOUTUBE CHANNEL

4. जैन दर्शन के अनुसार, जब सम्यक् प्रज्ञा, सम्यक् समाधि के धारण और आचरण से नवीन कार्मिक पदार्थ का आगम अवरुद्ध हो जाता है, तो यह अवस्था कहलाती है

(a) आश्रव

(b) बन्ध

(c) संवर शील और सम्यक्

(d) निर्जर

5. वेदान्त दर्शन के अनुसार, 'आत्मा के समीपस्थ कोश' है

(a) प्राणमय कोश

(b) मनोमय कोश

(c) विज्ञानमय कोश

(d) आनन्दमय कोश

6. शिक्षा में इस्लामी परम्परा निम्नलिखित में से किन मूल्यों के निर्माण पर बल देगी?

(a) विनयशीलता और अभिजात वर्गीयता

(b) समानता और साम्यता

(c) स्वतन्त्रता और अनुशासन

(d) गुणवत्ता और उत्कृष्टता

7. स्टर्नबर्ग के अनुसार, निम्नलिखित कौन-सा कारक बुद्धिमत्तापूर्ण व्यवहार के अधिगम में सबसे महत्त्वपूर्ण उद्देश्य है?

(a) विवेचन और विचारों की प्रस्तुति और संरचना

(b) विचारों का परीक्षण और उनकी उत्पत्ति

(c) अधिगम के अभिनव कृत्यों और परिस्थितियों से निपटने के लिए उनका सामना करना

STUDY OF EDUCATION YOUTUBE CHANNEL

(d) किसी परिस्थिति में निहित मुद्दों का विश्लेषण

8. अधिगम के छः मूल प्रकारों के सम्बन्ध में टॉलमैन द्वारा बाद में लिखे गए सैद्धान्तिक लेखों में से कौन-सा स्किनर के अनुबन्धित प्रबलकों के समतुल्य है?

(a) भावाभिनिवेश निर्माण

(b) 'समतुल्य विश्वास' अधिगम

(c) क्षेत्र प्रत्याशाएँ

(d) अन्तर्नोद विभेदन अधिगम

9. थॉर्नडाइक के अधिगम सिद्धान्त में निम्नलिखित कौन-सा अधीनस्थ नियम वॉटसन या पावलॉव के क्लासिकी अनुबन्धन सिद्धान्त के समतुल्य है?

(a) बहुअनुक्रिया

(b) अभिविन्यास या अभिवृत्ति

(c) तत्वों की प्रबलता

(d) साहचर्यात्मक स्थानान्तरण

10. दसवीं कक्षा का/की एक छात्र/छात्रा अपनी कक्षा के शिक्षक से यह साझा करता/करती है कि परीक्षा-कार्यक्रम की घोषणा उसे असहज बना देती है। इस परिस्थिति में किस प्रकार का मार्गदर्शन देना चाहिए?

(a) शैक्षणिक मार्गदर्शन

(b) व्यावसायिक मार्गदर्शन

(c) वैयक्तिक मार्गदर्शन

(d) स्वास्थ्य सम्बन्धी मार्गदर्शन

11. निम्नलिखित में कौन-सा आयोग/समिति भारत में शिक्षक शिक्षा के सम्बन्ध में विशेष तौर पर गठित किया गया था/की गई थी?

STUDY OF EDUCATION YOUTUBE CHANNEL

(a) यशपाल समिति

(b) न्यायमूर्ति वर्मा आयोग

(c) चट्टोपाध्याय आयोग

(d) कोठारी आयोग

12. शिक्षक शिक्षा में 'इण्टर्नशिप कार्यक्रम का उद्देश्य है

(a) विद्यालय में शिक्षकों की सहायता

(b) प्रशिक्षण कार्यक्रम में छात्राध्यापक/छात्राध्यापिका की सहायता

(c) प्रशिक्षण संस्थानों में शिक्षक-अध्यापकों की सहायता

(d) ऐसे विद्यालय, जहाँ इण्टर्नशिप संचालित हो रहे हैं, के प्रधानाध्यापकों की सहायता

13. निम्नांकित में से कौन- -सा अधिगम परिणाम के मूल्यांकन-अनुक्षेत्र में निम्न स्तरीय श्रेणी से सम्बन्धित है?

(a) पृथक् रूप से तथ्यों तथा जानकारी का विश्लेषण करने की योग्यता

(b) विभिन्न तथ्यों का एकसाथ निर्माण तथा संश्लेषण करने की योग्यता

(c) आवश्यकता पड़ने पर तथ्यों तथा जानकारी को पुनः प्रस्तुत कर पाने सम्बन्धी निपुणता

(d) मानको का प्रयोग करने तथा निर्णयों पर पहुँच पाने की योग्यता

14. निम्नलिखित में से किस संस्थान को जनपद स्तर पर प्राथमिक और बुनियादी विद्यालयों के सेवारत् शिक्षकों की शिक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गई है?

(a) सी टी ई

(b) आई ए एस ई

STUDY OF EDUCATION YOUTUBE CHANNEL

(c) एस सी ई आर टी

(d) डी आई ई टी

15. 'आर यू एस ए का प्रयोजन है

(a) पात्र राजकीय उच्चतर शैक्षणिक संस्थानों को महत्त्वपूर्ण वित्तपोषण उपलब्ध कराना

(b) शिक्षक विकास कार्यक्रम

(c) नवोन्मेषी अनुसन्धान परियोजना हेतु केन्द्रीय विश्वविद्यालयों का वित्तपोषण

(d) उच्चतर शिक्षा प्रणाली के लिए रूपरेखा (ब्लू प्रिण्ट) तैयार करना

16. एस सी ई आर टी का प्रमुख कार्य है

(a) चार वर्षीय अवधि वाले समेकित शिक्षक शिक्षा पाठ्यक्रमों की अभिकल्पना तथा उनका विकास

(b) शिक्षकों के लिए एक व्यावसायिक आचार संहिता का निर्माण

(c) शिक्षक-शिक्षा संस्थानों का प्रत्यायन तथा उनकी निगरानी

(d) पाठ्यचर्या, पाठ्यपुस्तकों का विकास तथा प्रशिक्षण, अनुसन्धान तथा नवाचार को बढ़ावा देना

17. पाठ्यचक्र की क्रियान्वितिकारी रणनीतियों के बारे में निर्णय लेने हेतु दर्शनशास्त्र की किस शाखा की प्रत्यक्ष रूप में प्रासंगिकता है?

(a) तत्त्वमीमांसा

(b) सत्तामीमांसा

(c) ज्ञान-मीमांसा

(d) मूल्य-मीमांसा

18. 'अधिगम-परिणाम आधारित पाठ्यचर्या' के विकास क्रम में, व्यवहारपरक उद्देश्यों का निर्धारण निम्नलिखित में से किस अधिगम के लिए चुनौती उत्पन्न करता है?

STUDY OF EDUCATION YOUTUBE CHANNEL

(a) तथ्यों तथा जानकारी का अधिगम

(b) संकल्पनाओं तथा सिद्धान्तों का अधिगम

(c) अनुप्रयोग तथा उपयोग का अधिगम

(d) समीक्षात्मक तथा सृजनात्मक चिन्तन आधारित अधिगम

19. किसी शोध अध्ययन में, जहाँ ऐसा परिवर्ती (चर) जो प्रत्यक्ष रूप से गोचर न हो, परन्तु जिसका प्रभाव आश्रित परिवर्ती (चर) पर उपलक्षित होता हो, को निम्नलिखित संज्ञा दी जाती है

(a) बाह्य परिवर्ती (चर)

(b) परिनियामक परिवर्ती (चर)

(c) मध्यवर्ती परिवर्ती (चर)

(d) प्रतिपादन परिवर्ती (चर)

20. किसी शोध अध्ययन में जानकारी, रणनीतियों तथा परिणामों को वैधता प्रदान करने सम्बन्धी विभिन्न उपागमों के सम्मिश्रण को तकनीकी रूप से संज्ञा दी जाती है

(a) परा-विश्लेषण

(b) त्रिभुजीकरण

(c) प्रवृत्ति विश्लेषण

(d) अन्तर्वैधता

21. एक शोधकर्ता द्वितीय प्रकार की त्रुटि करता है जब वह,

(a) शून्य परिकल्पना को अस्वीकार करता है, उसके सही होने की दशा में

(b) शून्य परिकल्पना को स्वीकार करता है, उसके सही होने की दशा में

(c) शून्य परिकल्पना को अस्वीकार करता है, उसके गलत होने की दशा में

(d) शून्य परिकल्पना को स्वीकार करता है, उसके गलत होने की दशा में

STUDY OF EDUCATION YOUTUBE CHANNEL

22. निम्नलिखित में से कौन-सा शोध अभिकल्प व्यक्तियों, आत्मकथाओं और व्यक्तिगत बातचीत/चर्चाओं से प्राप्त प्रदत्तों का उपयोग करता है?

(a) आधारिक सिद्धान्त अभिकल्प

(b) कथनात्मक शोध अभिकल्प

(c) व्यष्टि-अध्ययन अभिकल्प

(d) नृजातीय अभिकल्प

23. निम्नांकित में से किस शोध का मुख्य उद्देश्य सामान्यीकरण निर्माण है, जो सिद्धान्त निरूपण की ओर अग्रसर होता है?

(a) दृश्य घटना विज्ञान-यथार्थ के आत्मनिष्ठ परिप्रेक्ष्य सहित

(b) प्रतिभागी प्रेक्षण-परिप्रेक्ष्य पर बल द्वारा

(c) प्रतीकात्मक अन्तक्रिया-सामाजिक आदान-प्रदान पर बल देकर

(d) प्रयोग, जिसमें नियन्त्रण एवं चरों का हेरफेर सन्निहित हो

24. निम्नलिखित में से कौन-सा शोध अभिकल्प अनुभूत जीवन-यथार्थ का वर्णन करने के लिए सर्वाधिक उपयुक्त है?

(a) दृश्य घटना विज्ञान अभिकल्प

(b) व्यक्ति अध्ययन अभिकल्प

(c) आधारिक सिद्धान्त अभिकल्प

(d) कथनात्मक शोध अभिकल्प

25. कोई शोधकर्ता-जनजातीय बच्चों के विद्यालय की कार्यविधि का अध्ययन करना चाहता है। इस सन्दर्भ में सर्वाधिक उपयुक्त शोध अभिकल्प को निम्नलिखित में से किस वर्गीकरण द्वारा व्यक्त किया जा सकता है?

(a) कथनात्मक शोध

STUDY OF EDUCATION YOUTUBE CHANNEL

(b) दृश्य घटना विज्ञान

(c) आधारिक सिद्धान्त

(d) नृजातीय वृत्त

26. कोई शोधकर्ता शैक्षिक संस्थानों में राजनीतिक रूप से सक्रिय छात्र नेताओं पर अध्ययन करना चाहता है। एतदर्थ प्रतिदर्श की कौन-सी प्रविधि सर्वाधिक उपयुक्त होगी?

(a) सामान्य यादृच्छिक प्रतिदर्श

(b) आनुपातिक प्रतिदर्श

(c) उद्देश्यपरक प्रतिदर्श

(d) स्नो-बॉल प्रतिदर्श

27. एक तुला-मशीन अधिकांशतः व्यक्तियों का वजन बढ़ाकर बताती है। यह निम्नलिखित में से किस प्रकार की त्रुटि का द्योतक है?

(a) यादृच्छिक त्रुटि

(b) व्यवस्थित त्रुटि

(c) मानक त्रुटि

(d) सम्भावित त्रुटि

28. निम्नलिखित में से कौन-सी मान्यताएँ प्राचलिक सांख्यिकी से सम्बन्धित है?

1. अध्ययन किया जा रहा चर सतत है।
2. मापन नामिक और श्रेणिक अनुमाप पर आधारित है।
3. प्राप्तांक प्रसामान्य रूप से वितरित होते हैं।
4. सभी समूहों के प्रसरण समान हैं।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए

STUDY OF EDUCATION YOUTUBE CHANNEL

(a) 2, 3 और 4

(b) 1,3 और 4

(c) 1, 2 और 4

(d) 1, 2 और 3

29. किसी परिभाषित क्षेत्र के लिए विहित निष्पादन मानक को क्या कहा जाता है?

(a) पोर्टफोलियो

(b) ब्लूप्रिण्ट

(c) नियमावली (रुब्रिक्स)

(d) उपलब्धि

30. 10 x 10 प्रेक्षण मैट्रिक्स में फ्लैण्डर्स की अन्तःक्रिया विश्लेषण श्रेणी (एफ आई ए सी) के आधार पर वाचिक आदान-प्रदान के एक ही स्तर को दर्शाने वाले प्रकोष्ठ को क्या कहा जाता है?

(a) विषय-वस्तु अनुपात (सी सी आर)

(b) शिक्षक वार्ता अनुपात (टी टी आर)

(c) छात्र वार्ता अनुपात (पी टी आर)

(d) स्थिर स्थिति अनुपात (एस एस आर)

31. कोई शिक्षक कुछ ऐसे विद्यार्थियों के लिए सुधारात्मक कक्षाएँ कराना चाहता/चाहती हैं जो सन्तोषजनक रूप से अधिगम नहीं कर पा रहे हैं, अपनी सुधारात्मक कक्षाओं के लिए छात्र/छात्राओं के चयन हेतु वह किस मूल्यांकन करेगा/करेगी?

(a) संकलनात्मक मूल्यांकन

(b) नैदानिक मूल्यांकन

(c) पोर्टफोलियो-आकलन

STUDY OF EDUCATION YOUTUBE CHANNEL

(d) प्रवीणता आधारित मूल्यांकन

32. पोर्टफोलियो आकलन में निम्नलिखित में से किसे प्राथमिकता दी जाएगी?

(a) निष्पादित किए जाने वाले क्रियाकलापों की विशिष्ट प्रकृति

(b) ऐसे मानक, जिनके आधार पर क्रियाकलापों को विनियमित किया जाना चाहिए

(c) पोर्टफोलियो को पूरा करने के लिए दी गई समयावधि

(d) नियमावली, जिनके सन्दर्भ में पोर्टफोलियो पर निर्णय दिया जाएगा

33. एक शिक्षक प्रशिक्षक छात्र/छात्राओं के कक्षाकक्ष व्यवहार के लिए निम्नलिखित रूप में तत्काल टिप्पणियाँ करता है "नहीं, बल्कि आपको इसे इस रूप में करना चाहिए।" यह किसका उदाहरण है?

(a) नकारात्मक प्रतिपुष्टि

(b) सुधारात्मक प्रतिपुष्टि

(c) सकारात्मक प्रतिपुष्टि

(d) मूल्यांकनपरक प्रतिपुष्टि

34. निम्नलिखित में से कौन कक्षाकक्ष चर्चा सत्रों के लिए अधिगमकर्ताओं में विमर्शी चिन्तन को बढ़ावा देने हेतु सर्वाधिक उपयुक्त है?

(a) व्यक्तिपरक और समूह चर्चा सत्र

(b) सोचना, युग्मन और साझा करने सम्बन्धी सत्र

(c) प्रश्नोत्तर सत्र

(d) व्यक्तिपरक कार्य आवण्टन आधारित सत्र

35. स्किनर के प्रबलन सिद्धान्त पर आधारित अनुदेशनात्मक अभिकल्प में निम्नलिखित में से कौन-से क्रिया समुच्चय उपयुक्त हैं?

(a) अधिगम सामग्री की सोपानिक प्रस्तुति, छात्र अनुक्रिया और तत्काल प्रतिपुष्टि

STUDY OF EDUCATION YOUTUBE CHANNEL

(b) नियोजन, क्रियान्वयन एवं प्रेक्षण

(c) अनुदेशनात्मक उद्देश्य, शिक्षण-अधिगम प्रणाली और मूल्यांकन का आयोजन

(d) प्रश्न पूछना, दिशा-निर्देश देना और मूल्यांकन करना

36. ई. अधिगम के साथ आमने-सामने तथा परम्परागत कक्षाकक्ष प्रविधियों का युग्मन शिक्षण के मिश्रित उपागम के लिए प्रयुक्त होता है, जिसे कहा जाता है

(a) दूरस्थ अधिगम

(b) सुविलयित अधिगम

(c) समकालिक अधिगम

(d) गैर-समकालिक अधिगम

37. निम्नलिखित में से कौन आभासी कक्षाकक्ष का वर्णन करता है?

(a) अनुशिक्षक की देखरेख में कक्षाकक्ष में प्रौद्योगिकी का उपयोग कर रहे अधिगमकर्ता

(b) यू-ट्यूब ट्युटोरियल्स का प्रयोग करते हुए पूरा किया गया प्रशिक्षण पाठ्यक्रम

(c) वेबिनार के माध्यम से प्राप्त ऑनलाइन अधिगम परिवेश

(d) ऑनलाइन लाइव अधिगम पाठ्यक्रम

38. मुक्त और दूरस्थ शिक्षा में शैक्षिक प्रौद्योगिकी का प्रयोग निम्नलिखित में से किसमें सहायक है?

1. अधिगमकर्ता की रुचि बढ़ाना।
2. व्यवस्था को मितव्ययी बनाया जाना सुनिश्चित करना
3. अधिगमकर्ताओं को विभिन्न अधिगम स्रोतों से लाभ प्राप्त कराना
4. शिक्षण-अधिगम प्रक्रियाओं में अधिगमकर्ता की स्थिति का निर्धारण
5. शिक्षण-अधिगम प्रक्रियाओं में अधिगमकर्ताओं को सक्रिय रूप से भागीदार बनाना

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए

STUDY OF EDUCATION YOUTUBE CHANNEL

(a) 2, 3, 4 और 5

(b) 1, 3, 4 और 5

(c) 1, 2, 3 और 5

(d) 1, 2, 4 और 5

39. निम्नलिखित में से किसमें शैक्षिक प्रौद्योगिकी का प्रयोग करने में अनुभवजन्य वैधीकरण की उच्च सम्भावना है?

(a) पाठ्यपुस्तकें

(b) दूरस्थ शिक्षा के मुद्रित व्याख्यान

(c) मॉड्युलर पाठ्य सामग्री

(d) अभिक्रमित अनुदेशनात्मक सामग्री

40. निम्नलिखित में से कौन-सा प्रकथन फेयॉल द्वारा प्रतिपादित 'नियन्त्रण का विस्तार' सम्बन्धी प्रबन्धन सिद्धान्त की व्याख्या करता है?

a) कोई व्यक्ति सीमित समय तक प्रभावी रूप में कार्य करता है

(b) कोई व्यक्ति सीमित संख्या में लोगों के साथ कार्य कर सकता है

(c) कोई व्यक्ति अपने अधीन 4-6 लोगों से प्रभावी ढंग से कार्य करा सकता है

(d) मात्र 4-6 लोग प्रभावी समूह बना सकते हैं

41. निम्नलिखित में से कौन-से प्रकथन पालो फ्रायरे के 'आलोचनात्मक शिक्षाशास्त्र में समाविष्ट हैं?

1 शिक्षण समवायी रूप से राजनीतिक है।

2. शिक्षण में ज्ञान की तटस्थता का अभाव निहित होता है।

3. शिक्षण व्यवस्थापरक होता है।

4. सामाजिक न्याय और लोकतन्त्र के मुद्दे शिक्षण के अभिन्न अंग हैं।

5. शिक्षण सामाजिक यथार्थ से अलग है।

STUDY OF EDUCATION YOUTUBE CHANNEL

नीचे दिए गए विकल्पों में से अपना उत्तर चुनिए

(a) 1, 2 और 3

(b) 2, 3 और 4

(c) 1, 2 और 4

(d) 3, 4 और 5

42. अधिगम सिद्धान्त के रूप में 'व्यवहारवाद' की शक्तियाँ हैं

1. यह स्पष्ट भावी कथन उपलब्ध कराता है।
2. यह वास्तविक जीवन में प्रयुक्त होता है।
3. यह अति निर्धारक है।
4. इसका दृष्टिकोण न्यूनीकरणात्मक है।
5. यह वस्तुनिष्ठ मापन पर बल देता है।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए

(a) 1, 2 और 3

(b) 2, 3 और 4

(c) 1, 2 और 5

(d) 3,4 और 5

43. बजटिंग के 'निम्न से उच्च उपागम की हानियाँ यह हैं कि बजट

1. संगठन के समग्र लक्ष्यों के अनुरूप न हो।
2. अधिक वास्तविक हो।
3. बिल्कुल सटीक हो सकता है।
4. की तैयारी धीमी हो सकती है।

STUDY OF EDUCATION YOUTUBE CHANNEL

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए

(a) 1 और 2

(b) 3 और 4

(c) 1 और 4

(d) 2 और 3

44. शिक्षा के क्षेत्र में परियोजनाओं के लागत-प्रभाविकता विश्लेषण (सी ई ए) के अध्ययनों की नगण्य संख्या के क्या कारण हैं?

1. सी ई ए में मूल्यांकन की अपर्याप्त पृष्ठभूमि।

2. सी ई ए में अनिवार्य अभिज्ञता का अभाव।

3. सी ई ए के साथ निर्णय लेने वालों की सुविज्ञता का अभाव।

4. सी ई ए में शैक्षिक संकल्पनाओं को कम महत्त्व देना।

5. सी ई ए में शैक्षिक हस्तक्षेप की प्रभावकारिता की अतिचिन्ता।

नीचे दिए गए विकल्पों में से अपना उत्तर चुनिए

(a) 1, 2 और 3

(b) 2, 3 और 4

(c) 3.4 और 5

(d) 1,3 और 4

45. एक प्रभावी अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम में अपेक्षित आधारभूत प्रवीणताओं के अन्तर्गत निम्नांकित में से कौन-सी प्रवीणताएँ व्यक्तित्व एवं अभिवृत्ति के अनुक्षेत्र से सम्बन्धित हैं?

1. नियन्त्रण की संस्थिति

2. सम्प्रेषण

STUDY OF EDUCATION YOUTUBE CHANNEL

3. प्रबन्यन

4. निगरानी

5. आत्म-सामर्थ्य

6. सकारात्मक प्रत्याशा

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए

(a) 1, 2 और 3

(b) 2, 3 और 4

(c) 4,5 और 6

(d) 1,5 और 6

46. अध्यापक शिक्षा में बल दिए जाने पर निम्नलिखित में से कौन-से क्रिया शब्द विमर्शक अध्यापन शैलियों का भाग बनेंगे?

1. कार्यप्रणाली, कार्य और सुधार।

2. अभिकल्प, परिदान और मूल्यांकन करना।

3. भाग लेना, अन्वेषण और मूल्यांकन करना।

4. समझाना, स्पष्ट करना और सविस्तार प्रतिपादन।

5. प्रशंसा करना, प्रेरित करना और प्रभावित करना।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए

(a) 1 और 2

(b) 3 और 4

(c) 4 और 5

(d) 2 और 3

STUDY OF EDUCATION YOUTUBE CHANNEL

47. अध्यापक शिक्षा के व्यवसायीकरण के लिए आवश्यक है कि यह

1. पढ़ाए जा रहे विषयों के अध्यापक के ज्ञान की पुष्टि करे।
2. कक्षा में शैक्षिक कौशल को धार दे।
3. व्यवसाय के लिए नए ज्ञान का उत्पादन और योगदान दे।
4. विद्यार्थियों को तकनीकी जानकार बनना सिखाए।
5. अध्यापकों को अनु-शिक्षण केन्द्र खोलने में सहायक हो।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए

(a) 1, 2 और 3
(b) 2, 3 और 4
(c) 3, 4 और 5
(d) 1, 4, और 5

48. भारत में सेवाकालीन अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम के आयोजन में निम्नलिखित में से कौन सबसे महत्त्वपूर्ण हैं?

1. सेवाकालीन शिक्षण-अधिगम प्रणाली को अध्यापक तैयारी के एक अभिन्न अंग के रूप में विकसित करना।
2. मानव संसाधन विकास पर ध्यान केन्द्रित करना।
3. वित्तीय बजट और आधारभूत संरचना को बढ़ाना।
4. सेवाकालीन अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम की अवधि को बढ़ाना।
5. अध्यापकों की प्रतिबद्धता और विश्वास के स्तर के निर्माण पर बल देना।

नीचे दिए गए विकल्पों में से अपना उत्तर चुनिए

(a) 1, 2 और 3

STUDY OF EDUCATION YOUTUBE CHANNEL

(b) 2, 3 और 4

(c) 1, 2 और 5

(d) 3, 4 और 5

49. एक पाठ्यक्रम अभिकल्पना के माध्यम से शिक्षार्थियों की आवश्यकताओं को सम्बोधित करने के लिए निम्नलिखित आधारों में से किस पर ध्यान एवं महत्त्व देना चाहिए?

1. शिक्षार्थी की विकासात्मक अवस्था।
2. शिक्षार्थी की सामाजिक-सांस्कृतिक पृष्ठभूमि।
3. प्रमुख जातिगत संरचना, जिससे शिक्षार्थी सम्बद्ध है।
4. शिक्षार्थी की पारिवारिक गतिशीलता।
5. शिक्षार्थी की संज्ञानात्मक विशिष्टताएँ।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए

(a) 1, 2 और 5

(b) 2, 3 और 4

(c) 2, 3 और 5

(d) 3, 4 और 5

50. यू.जी.सी. की शैक्षणिक और प्रशासनिक सुधार सम्बन्धी समिति ने कुछ आवश्यक कदम उठाने का सुझाव देते हुए पाठ्यक्रम निर्माण के सम्बन्ध में संस्तुतियाँ की हैं।
निम्नलिखित सूची में से उन्हें पहचानिए

1. आदर्श पाठ्यक्रम का निर्माण।
2. प्रत्येक वर्ष सीमित दायरे में तथा प्रत्येक वर्षों में तत्त्वतः पाठ्यक्रम को अद्यतन करना/पुनरीक्षण करना।
3. पाठ्यक्रम का सामयिक ज्ञान, राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय विकास के सन्दर्भ में नवीनीकरण।
4. नव-प्रविष्टुओं को प्रारम्भिक प्रशिक्षण दिया जाए।
5. पाठ्यक्रम क्रियान्विति एवं सभी संकाय सदस्यों की सहक्रियात्मक ऊर्जा।

STUDY OF EDUCATION YOUTUBE CHANNEL

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए

(a) 1, 2 और 3

(b) 2, 3 और 5

(c) 2, 3 और 4

(d)3, 4 और 5

51. निम्नलिखित में से कौन-से कारक पाठ्यक्रम परिवर्तन को प्रभावित करते हैं?

1. ज्ञान में वृद्धि।
2. प्रौद्योगिकी परिवर्तन।
3. व्यक्तियों की आवश्यकताएँ और आकाँक्षाएँ।
4. कार्य-स्थानन।
5. सक्षम शिक्षकों की उपलब्धता।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए

(a) 1,2 और 5

(b) 1,2 और 3

(c) 1,3 और 4

(d) 2, 3 और 5

52. पाठ्यक्रम परिवर्तन निम्नलिखित में से किस पर विचार करता है?

1. लक्ष्यों और उद्देश्यों में परिवर्तन।
2. विषय-वस्तु में परिवर्तन।
3. आधारभूत संरचना में परिवर्तन।
4. शिक्षण के तरीकों में परिवर्तन।

STUDY OF EDUCATION YOUTUBE CHANNEL

5. मूल्यांकन प्रक्रिया में परिवर्तन।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए

(a) 1,2,3 और 4

(b) 1, 3, 4 और 5

(c) 2, 3, 4 और 5

(d) 1, 2, 4 और 5

53. ऐतिहासिक शोध अभिकल्प के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन-से सही हैं?

1. अधिकांशतः गुणात्मक प्रदत्तों पर आधारित।
2. परिकल्पना का परीक्षण एक अभिन्न अंग है।
3. प्राप्त परिणामों का अन्य परिस्थितियों में सामान्यीकरण किया जा सकता है।
4. प्रदत्तों की वैधता और प्रामाणिकता के लिए रीक्षण किया जाता है।
5. प्रदत्तों के विवेचन के लिए विषयवस्तु-विश्लेषण का प्रयोग किया जाता है।

सही उत्तर चुनिए

(a) 1, 2 और 5

(b) 2, 3 और 5

(c) 1,4 और 5

(d)2, 3 और 4

54. किसी शोध उपकरण की विश्वसनीयता के लिए निम्नलिखित कथनों में से कौन-से सही हैं?

1. किसी दिए गए परीक्षण उपकरण के लिए विश्वसनीयता नियत होती है।
2. यह परीक्षण उपकरण पर प्राप्तांकों का सह-सम्बन्ध है।
3. विश्वसनीयता का मान ऋणात्मक हो सकता है।

STUDY OF EDUCATION YOUTUBE CHANNEL

4. यह प्रतिदों के आधार पर परिवर्तित होता है।

5. यह प्राप्तांकों की विचरणशीलता से प्रभावित होता है।

सही विकल्प चुनिए

(a) 1, 3 और 4

(b) 2 ,4 और 5

(c) 1, 2 और 4

(d) 3,4 और 5

55. फ्लैन्डर्स अन्तःक्रिया विश्लेषण की श्रेणियों (एफ आई ए सी) में निम्नलिखित में से कौन-से अप्रत्यक्ष शिक्षकवार्ता (आई टी टी) से सम्बन्धित हैं?

1. व्याख्यान देना।

2. निर्देश देना।

3. भावनाओं की स्वीकृति।

4. शिक्षक द्वारा आलोचना करना या अपने प्रभुत्व का औचित्य स्थापन।

5. प्रशंसा करना या प्रोत्साहित करना।

6. शिक्षक द्वारा विद्यार्थियों के विचारों का अपनी वार्ता में अनुप्रयोग करना।

निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए

(a) 1, 2 और 3

(b) 3, 5 और 6

(c) 4, 5 और 6

(d) 2, 3 और 4

56. संज्ञानात्मक अनुक्षेत्र की वर्गिकी के तहत् निम्नलिखित में से कौन-से अधिगम परिणामी व्यवहार उच्चस्तरीय हैं?

STUDY OF EDUCATION YOUTUBE CHANNEL

1. विश्लेषण

2. अनुप्रयोग

3. अवबोध

4. सृजन

5. समीक्षात्मक चिन्तन

6.ज्ञान

निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनें

(a) 1, 3 और 5

(b) 1, 4 और 5

(c) 2, 4 और 6

(d) 3,4 और 5

57. निम्नांकित में से कौन- न-सा समुच्चय वर्गिकी के ज्ञानात्मक, भावात्मक एवं मनोगतिक अनुक्षेत्रों के उच्चतम स्तर को क्रमवार संसूचित करता है?

(a) संश्लेषण, मूल्य निर्धारण, अभिव्यक्तिकरण

(b) विश्लेषण, आग्रहण, कुशल संचालन

(c) अनुप्रयोग, व्यवस्थापन, परिशुद्धता

(d) मूल्यांकन, चरित्र-धारिता, सहजीकरण

58. निम्नलिखित में से कौन-से कथन निर्माणात्मक आकलन पद्धति के परिसूचक हैं?

1. अध्यापक विद्यार्थियों को उत्तर देने के लिए प्रोत्साहित करता है।

2. अध्यापक विद्यार्थियों को प्रेरित करने के लिए प्रश्न पूछता है।

3. अध्यापक इकाई (अन्विति) के क्रियान्वयन उपरान्त विद्यार्थियों के अवबोध का आकलन करता है।

STUDY OF EDUCATION YOUTUBE CHANNEL

4. अध्यापक इकाई (अन्विति) परीक्षण के उपरान्त निष्पादन स्तर के बारे में निर्णय करता है।

5. अध्यापक, अनुबोधकों की सहायता से विद्यार्थियों द्वारा अशुद्ध उत्तर दिए जाने की सम्भावना से बचने में सहायता करता है।

निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए

(a) 1, 2 और 3

(b) 1, 2 और 5

(c) 2, 3 और 4

(d) 3, 4 और 5

59. रॉबर्ट एम गैने के अनुसार, कौन-सा अधिगम प्रकार सम्प्रत्यय (संकल्पना) अधिगम से पहले आता है?

1. नियम अधिगम

2. संकेत अधिगम

3. समस्या-समाधान अधिगम

4. शाब्दिक साहचर्य अधिगम

5. उद्दीपक-अनुक्रिया अधिगम

सही उत्तर चुनिए

(a) 1, 2 और 5

(c) 2, 4 और 5

(b) 2, 3 और 5

(d) 3, 4 और 5

60. निम्नलिखित में से किसकी वृद्धि के कारण आजकल सूचना प्रणालियों में नैतिक एवं सामाजिक मुद्दे अधिक महत्त्वपूर्ण होते जा रहे हैं?

1. इण्टरनेट का प्रयोग।

STUDY OF EDUCATION YOUTUBE CHANNEL

2. नई प्रौद्योगिकी सीखने का उपयोग।

3. संस्थाओं में अभिकर्मियों का अनुश्रवण।

4. सूचना प्रणालियों की लागत।

5. परस्पर सम्बन्धित सूचना प्रणालियों का अनुप्रयोग।

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए

(a) 1 और 5

(b) 1 और 2

(c) 2 और 3

(d) 4 और 5

61. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन क्रियान्वितिकारी नेतृत्व शैली की विशेषताओं का वर्णन करता है?

1. भूमिका और लक्ष्य स्पष्टता।

2. प्रतिबद्धता और अभिप्रेरण स्तर को बढ़ाना।

3. प्रवीणता निर्माण पर बल।

4. व्यक्तियों पर नजर रखना।

5. व्यक्तियों को परामर्श देना और प्रेरित करना।

निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए

(a) 1, 2 और 3

(b) 3, 4 और 5

(c) 1, 3 और 4

(d) 2, 4 और 6

62. एक शिक्षक के रूप में आप अपने कक्षाकक्ष में अल्प बधिर छात्र/छात्राओं की पहचान कैसे करेंगे?

1. जब आप अधिगमकर्ता से बात करते हैं, तो वह अपने कान के पास हाथ रखता रखती है।

STUDY OF EDUCATION YOUTUBE CHANNEL

2. अधिगमकर्ता आपको बेहतर ढंग से सुनने के लिए आपकी ओर झुकता/झुकती है।

3. अधिगमकर्ता अपनी आँखों को मसलता है और आपकी ओर देखता/देखती है।

4. जब तक अधिगमकर्ता को कोई बताता नहीं है, वह आपकी बात पर कोई प्रतिक्रिया नहीं करता/करती है।

निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए

(a) 1, 2 और 4

(b) 1,2 और 3

(c) 2,3 और 4

(d) 1,3 और 4

63. शिक्षा के समावेशी होने के मार्ग में निम्नलिखित में से कौन-से तत्त्व बाधक हैं?

1. माता-पिता अपने निःशक्त बच्चों को विद्यालय नहीं भेजते हैं।

2. योग्य रूप से प्रशिक्षित शिक्षकों की अनुपलब्धता।

3. विशेष दक्षता वाले बच्चों को कानूनी संरक्षण प्राप्त है।

4. सरकार की ओर से उपलव्य वित्तीय प्रावधानों का पर्याप्त न होना।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें

(a) 1, 2 और 4

(b) 1, 3 और 4

(c) 1, 2 और 3

(d) 2, 3 और 4

64. निःशक्त व्यक्तियों के अधिकार सम्बन्धी संयुक्त राष्ट्र के सम्मेलन (यू एन सी आर पी डी) में कौन-से उपाय सुझाए गए हैं?

1. मानवाधिकारों की पूर्णरूपेण उपलब्धता तथा समान रूप से इसकी उपलब्धता सुनिश्चित किया जाना।

STUDY OF EDUCATION YOUTUBE CHANNEL

2. सभी निःशक्तजनों के लिए मौलिक स्वतन्त्रता सुनिश्चित किया जाना।

3. बच्चों को विद्यालय न भेजने वाले माता-पिता के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई।

4. ऐसे बच्चों के प्रति सम्मान का भाव रखने को बढ़ावा दिया जाना।

निम्नलिखित में से सही उत्तर चुनें

(a) 1, 3 और 4

(b) 1, 2 और 4

(c) 2, 3 और 4

(d) 1, 2 और 3

65. समावेशी शिक्षा को सफल बनाने की दृष्टि से निम्नांकित में से कौन-सा अपेक्षित है?

1. विद्यालयों में प्रशिक्षित शिक्षकों की उपलब्धता।

2. विद्यालयों में अवसंरचनात्मक ढाँचे की उपलब्धता।

3. निःशक्त बच्चों के माता-पिता को अपने बच्चों को विशेष विद्यालयों में भेजने को कहना।

4. प्रशिक्षित परामर्शदाताओं की विद्यालयों में नियुक्ति।

निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनें

(a) 1, 2 और 3

(b) 2, 3 और 4

(c) 1, 2 और 4

(d) 1, 3 और 4

66. नीचे दी गई दो सूची में से सूची I प्रकृति के सर्ग का वर्णन करती है, जबकि सूची II संख्या दर्शन के सन्दर्भ में उनकी प्रकृति तथा प्रकार्य को इंगित करती है। दोनों सूची का मिलान करें।

सूची I (प्रकृति के सर्ग)	सूची II (स्वभाव एवं प्रकार्य)

STUDY OF EDUCATION YOUTUBE CHANNEL

A. महत् B. अहम् C. मन D. तन्मात्राएँ	1. न तो महाभूत के गुण, न ही विभेदक और न ही प्रकार्य। 2. यह प्रकृति में समष्टि है तथा ज्ञान के मनोवैज्ञानिक पक्ष का प्रकार्य है। 3. यह व्यक्तिकरण का सिद्धान्त कार्य स्वभाव का सृजन करना है। 4. यह एक सूक्ष्म एवं केन्द्रीय इन्द्रिय है एवं इसका है, जो इन्द्रियानुभविक प्रदत्तों को नियत प्रत्यक्षीकरण के रूप में संश्लेषित करती है।

निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनें

A B C D
(a) 1 4 3 2
(b) 4 3 2 1
(c) 2 3 4 1
(d) 3 2 1 4

68. सूची I में भारतीय चिन्तकों के नाम वर्णित हैं जबकि सूची II में उनकी उत्कृष्ट रचना का उल्लेख है।

सूची। (चिन्तक)	सूची II (रचनाएँ)
A. स्वामी विवेकानन्द B. रवीन्द्रनाथ टैगोर C. एम.के. गाँधी D. जे. कृष्णामूर्ति	1. गीतांजलि 2. द फर्स्ट एण्ड लास्ट फ्रीडम 3. मॉडर्न इण्डिया 4. माइ एक्सपेरीमेन्ट्स विद ट्रुथ

नीचे दिए गए सही विकल्प को चुनें

A B C D
(a) 2 3 4 1
(b) 4 2 3 1

STUDY OF EDUCATION YOUTUBE CHANNEL

(c) 3 1 4 2
(d) 1 3 2 4

69. नीचे दो सूची दी गई हैं। सूची I में भारतीय संविधान की प्रस्तावना के कुछ पदों का उल्लेख है तथा सूची II में उनकी व्याख्या दी गई है। सूची I के पदों का सूची II में दी गई व्याख्या के साथ मिलान करें।

सूची। (पद)	सूची II (व्याख्या)
A समाजवाद B. धर्मनिरपेक्षवाद C. लोकतन्त्र D.गणतन्त्र	1. राज्य का कोई धर्म नहीं होता, न ही किसी धर्म के प्रति राग और न ही द्वेष। 2. एक ऐसी प्रणाली, जहाँ सरकार का निर्वाचन तथा प्रबन्धन देश के लोगों के जरिए हो। 3. एक ऐसा राजनैतिक विचार, जो सभी लोगों के एकसमान होने तथा संसाधनों को समान रूप से साझा करने की वकालत करता है। 4. एक ऐसा राष्ट्र-राज्य, जहाँ एक निर्वाचित सरकार तथा निर्वाचित प्रतिनिधिगण हो।

निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर का चयन करें

A B C D
(a) 3 1 2 4
(b) 4 3 2 1
(c) 2 3 4 1
(d) 1 4 2 3

67. नीचे दी गई दोनों सूची में से सूची I चिन्तन के पाश्चात्य दर्शन का वर्णन है, जबकि सूची II शिक्षक की भूमिका के प्रति उनकी विचार दृष्टि है। दोनों सूची का मिलान करें।

STUDY OF EDUCATION YOUTUBE CHANNEL

सूची।	सूची ।।
A. आदर्शवाद B. यथार्थवाद C. प्रयोजनवाद D. अस्तित्ववाद	1. आत्मानुभूति के पथ पर प्रत्येक छात्र/छात्रा को व्यक्तिगत रूप से सहायता प्रदान करना। 2. समस्या की स्थिति में परामर्शदाता की भूमिका। 3. अनुकरणीय आदर्श व्यक्ति। 4. ज्ञान संचरण

निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर का चयन करें

A B C D
(a) 1 2 3 4
(b) 3 4 2 1
(c) 4 3 2 1
(d) 4 3 1 2

70. निम्नलिखित दोनों सूची का मिलान करें, जिसमें सूची I अन्तर्निहित प्रयोजनों को दर्शाता है तथा सूची II में शिक्षण के स्तर का उल्लेख है।

सूची। (अन्तर्निहित प्रयोजन)	सूची ।। (शिक्षण का स्तर)
A. इसका प्रमुख प्रयोजन विषय को गहराई सेजानना, समझ विकसित करना एवं संरचना स्तर की स्पष्टता की ओर अग्रसर होना है। B. इसका प्रमुख बल विचार की क्रमिक प्रस्तुति पर है, जिससे विचारों का लम्बे समय तक धारण हो सके।	1. स्वायत्त विकास 2. स्मृति स्तर 3. अवबोध का स्तर 4. विमर्शी चिन्तन स्तर

STUDY OF EDUCATION YOUTUBE CHANNEL

C. इसका मूल प्रयोजन विद्यार्थियों को स्पष्ट,सुसंगत तथा समालोचनात्मक चिन्तन देना है, जिससे विचारों को गदा जा सके। D. इसका उद्देश्य है स्वयं के भावों को बढ़ावा देना, जिससे स्वतन्त्रता का अनुभव हो सके।	

निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनें

A B C D
(a) 1 3 2 4
(b) 2 4 3 1
(c) 4 1 3 2
(d) 3 2 4 1

71. निम्नलिखित दो सूची में से सूची I में उल्लिखित बुद्धि के सिद्धान्त को सूची II में दिए गए इनके मुख्य प्रतिपादकों से सुमेलित कीजिए

सूची I (बुद्धि के सिद्धान्त)	सूची II (मुख्य प्रतिपादक)
A. बहुकारक सिद्धान्त B. बहुल प्रज्ञा सिद्धान्त C. तरल और संवलित प्रज्ञा D. प्रज्ञा (बुद्धि) का साम्मुख्य	1. स्टर्नबर्ग, बुद्धि इसके लिए युक्तियुक्त स्थान है। , 2. कटेल बुद्धि न तो पूरी तरह एकतान्त्रिकहै, न बहुतान्त्रिक और न अतान्त्रिक है। 3. थर्स्टन बुद्धि प्रकृति से बहुतान्त्रिक है। 4, गार्डनर, बुद्धि एक घटकीय प्रक्रियाओं वाली सिद्धान्त क्षमता है और इसे अधिगम या संज्ञानात्मक शैली नहीं समझा जाना चाहिए।

STUDY OF EDUCATION YOUTUBE CHANNEL

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए

A B C D
(a) 3 4 2 1
(b) 1 2 3 4
(c) 4 3 1 2
(d) 2 1 4 3

72. निम्नलिखित दो सूची में से सूची I में उल्लिखित भावात्मक प्रज्ञा (बुद्धि) के पाँच आयामों को सूची II में दी गई विशेषताओं से सुमेलित कीजिए

सूची। (भावात्मक प्रज्ञा (बुद्धि) के आयाम)	सूची ।।(विशेषताएँ)
A. आत्म-अभिज्ञता B. स्वप्रबन्धन C. स्वअभिप्रेरण D. तद्नुभूति E. सामाजिक कौशल	1. दूसरे की भावनाओं और कार्य-पद्धति का मार्गदर्शन करने की योग्यता। 2. दूसरे की भावना और चाहत को समझने की क्षमता। 3. किसी क्षण विशेष में वास्तविक भाव का ज्ञान। 4. सम्मुख कार्य को रोकने के बजाय सुगम बनाने के लिए भावनाओं पर नियन्त्रण रखना। 5. वांछित लक्ष्य के प्रति उन्मुख बने रहना।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए

A B C D E
(a) 1 3 5 4
(b) 5 4 2 1 3
(c) 3 4 5 2 1
(d) 2 3 4 5 1

STUDY OF EDUCATION YOUTUBE CHANNEL

73. सूची I में दिए गए मॉरिसन के शिक्षण मॉडल के पाँच सोपानों को सूची II में इनके विवरणों के साथ सुमेलित कीजिए

सूचीI	सूची II
A. अन्वेषण B. प्रस्तुति C. आत्मसातीकरण D संगठन E. पाठ	1. छात्रों को अपने प्राप्त विचारों को शिक्षकों की मद्द के बिना प्रस्तुत करने के लिए कहना। 2. छात्रों को प्रस्तुत की गई सामग्री को अपने आन्तरिक स्व से जोड़ने में सहायता करना। 3. छात्रों के पूर्ववर्ती कार्य से सम्बन्धित व्यवहार तय करना। 4. सामग्री पर पुनर्विचार। 5. चर्चा हेतु विषय का वर्णन

सही विकल्प का चयन कीजिए

A B C D E
(a) 2 3 4 5 1
(b) 4 3 5 1 2
(c) 3 5 2 1 4
(d) 1 5 4 2 3

74. सूची I में दिए गए रचनावादी उपागम के प्रतिपादकों के नाम को सूची II में ज्ञान निर्मित की संस्तुत प्रक्रियाओं से सुमेलित कीजिए

सूचीI (प्रतिपादक)	सूची II (ज्ञान निर्मित/प्रक्रियाएँ)

STUDY OF EDUCATION YOUTUBE CHANNEL

A. ज्यां पियाजे B. जेरोम ब्रूनर C. डैविड ऑसबेल D. लेव व्यगोस्की	1. सक्रियण, अनुरक्षण और अन्वेषणात्मक अधिगम उपागम 2. अग्रिम संगठक, व्याख्यात्मक संगठक और दिशा आधारित तुलनात्मक संगठक पर आधारित अधिगमकर्ता का उपागम 3. समकक्षी समूह आधारित अन्त:क्रियात्मक और सामाजिक अधिगम उपागम 4. आत्मसातीकरण, समंजन, अनुकूलन आधारित संज्ञानात्मक उपागम

नीचे दिए गए विकल्प को चुनिए

A B C D
(a) 4 1 2 3
(b) 3 4 1 2
(c) 2 3 4 1
(d) 1 2 3 4

75. सूची I में दर्शाए गए शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम को सूची II में दी गई ऐसे घटकों की युक्तियुक्तता से सुमेलित कीजिए

सूचीI (शिक्षक शिक्षा के विभिन्न घटक)	सूची II (ऐसे घटकों की युक्तियुक्तता)
A. आधारिक पाठ्यक्रम B. वैकल्पिक पाठ्यक्रम C. प्रायोगिक और प्रयोगात्मक D. व्यावसायिक निपुणता अभिवर्द्धक	1. ज्ञान और कौशलों के अनुप्रयोग को बढ़ावा देने के लिए 2. छात्रों को शिक्षण अधिगम प्रक्रिया के मूलभूत सिद्धान्तों को समझने योग्य बनाना

STUDY OF EDUCATION YOUTUBE CHANNEL

	3. कौशलों के शिक्षण विधि सम्बन्धी पाठ्यक्रम ज्ञान के अनुप्रयोग की स्थितियाँ प्रदान करना 4. शिक्षण योग्यता को व्यापक पाठ्यक्रम बनाना

सही विकल्प का चयन कीजिए

A B C D
(a) 2 1 3 4
(b) 1 2 3 4
(c) 4 3 2 1
(d) 3 4 1 2

76. व्यवहारपरक उद्देश्यों के निर्माण का सही क्रम क्या है?

(a) व्यवहार की स्वीकार्यता के मानदण्ड, परिस्थितियाँ जिनमें व्यवहार होंगे, व्यवहार

(b) व्यवहार, स्वीकार्यता के मानदण्ड, परिस्थितियाँ जिनमें व्यवहार होंगे

(c) व्यवहार की परिस्थिति, व्यवहार, स्वीकार्यता के मानदण्ड

(d) विनिर्दिष्ट व्यवहार, ऐसी परिस्थितियाँ जिनमें व्यवहार घटित होंगे और व्यवहार की स्वीकार्यता के मानदण्ड

77. अधिगम के सिद्धान्तों के विकास में सही क्रम कौन-सा है?

(a) थॉर्नडाइक का सम्बन्धवाद, पावलाव का क्लासिकी अनुबन्धन, स्किनर का क्रिया-प्रसूत अनुबन्धन, टोलमैन का संकेत गेस्टाल्ट, संज्ञानवादी सिद्धान्त और रचनावादी सिद्धान्त

(b) स्किनर का क्रिया-प्रसूत अनुबन्धन, क्लासिकी अनुबन्धन, रचनावादी सिद्धान्त और संज्ञानवादी सिद्धान्त

(c) थॉर्नडाइक का सम्बन्धवाद, स्किनर का क्रिया-प्रसूत अनुबन्धन, सामजिक सिद्धान्त और संज्ञानवादी सिद्धान्त

(d) क्लासिको अनुबन्धन, क्रिया-प्रसूत अनुबन्धन, गेस्टाल्ट सिद्धान्त, सम्बन्धवाद, रचनावादी सिद्धान्त

STUDY OF EDUCATION YOUTUBE CHANNEL

78. परिशुद्धता, संगतता और प्रयुक्त संक्रियाओं की दृष्टि से उत्तरोत्तर क्रम में मापनी को प्रस्तुत करने हेतु निम्नांकित में से कौन-सा क्रम सही है?

(a) आनुपातिक, अन्तराल, नामिक, क्रमिक

(b) क्रमिक, आनुपातिक, अन्तराल, नामिक

(c) अन्तराल, क्रमिक, आनुपातिक, नामिक

(d) नामिक, क्रमिक, अन्तराल, आनुपातिक

79. निम्नलिखित में से किस अनुक्रम द्वारा भारत में शैक्षणिक प्रौद्योगिकी के विकास का सही क्रम प्रतिबिम्बित होता है?

(a) श्रव्य साधन, दृश्य साधन, श्रव्य-दृश्य साधन, आईसीटी समर्थित साधन

(b) आईसीटी समर्थित साधन, श्रव्य साधन, श्रव्य-दृश्य साधन, दृश्य साधन

(c) दृश्य साधन, श्रव्य-दृश्य साधन, श्रव्य साधन, आईसीटी समर्थित साधन

(d) श्रव्य-दृश्य साधन, दृश्य साधन, श्रव्य साधन, आईसीटी समर्थित साधन

80. निम्नलिखित में से कौन चार अन्तर्सम्बन्धित सिद्धान्तों से बने डेमिंग के 'गूढ़ ज्ञान के तन्त्र' को इंगित करता है? **(a) इष्टतमीकरण, विचरण, ज्ञान और मनोविज्ञान**

(b) इष्टतमीकरण, विचरण, ज्ञान और आवश्यकता अधिक्रम

(c) विचरण, ज्ञान, आवश्यकता अधिक्रम और सहभागिता

(d) ज्ञान, आवश्यकता अधिक्रम, सहभागिता और लक्ष्य निर्धारण

81. सिक्स-सिग्मा प्रणाली से सम्बन्धित परिवर्णी शब्द 'डी एम ए आई सी' का विस्तार है

(a) अभिकल्पना-माप-आकलन-समेकन-नियन्त्रण

(b) परिभाषित करना-माप- -विश्लेषण-र -सुधार- र-नियन्त्रण

(c) प्रमाणित करना-माप-संचय-क्रियान्वयन-सम्पर्क

STUDY OF EDUCATION YOUTUBE CHANNEL

(d) परिभाषित करना-मिलान-कल्पना करना-सुधार-सम्प्रेषण

82. प्रक्रिया सुधार के सतत् चक्र की दृष्टि से निम्नलिखित में कौनसही है?

(a) कार्य करना-जाँच-कार्रवाई-योजना

(b) जाँच करना-कार्य करना-कार्रवाई-योजना

(c) योजना-कार्य करना-जाँच-कार्रवाई

(d) कार्रवाई-जाँच-कार्य करना-योजना

83. शिक्षण में हस्तक्षेप आधारित क्रियात्मक शोध करने हेतु कार्य का सही क्रम क्या है?

(a) कार्रवाई, प्रेक्षण, योजना तथा चिन्तन

(b) योजना, कार्रवाई, प्रेक्षण तथा चिन्तन

(c) प्रेक्षण, योजना, चिन्तन तथा कार्रवाई

(d) चिन्तन, प्रेक्षण, योजना तथा कार्रवाई

84. निम्नलिखित में कौन-सा क्रम कर्मचारी चयन क्रिया का सही क्रम है?

(a) परीक्षा-सह-साक्षात्कार, कार्य-विश्लेषण, विज्ञापन तथा नियुक्ति आदेश जारी किया जाना

(b) साक्षात्कार, कार्य-विश्लेषण, नियुक्ति आदेश, विज्ञापन तथा चयन

(c) कार्य-विश्लेषण, विज्ञापन, साक्षात्कार, चयन तथा नियुक्ति आदेश

(d) विज्ञापन, कार्य-विश्लेषण, साक्षात्कार, चयन तथा नियुक्ति आदेश

85. शोध के लिए किसी यादृच्छिक प्रतिदर्श के आहरण की प्रक्रिया में निम्नलिखित प्रक्रियाओं में से कौन-सी अनुक्रमानुसार है?

(a) लक्षित समग्र को परिभाषित करना, प्रतिदर्श आकार का निर्णयन, लक्षित समग्र की सभी इकाइयों को सूचीबद्ध करना और यादृच्छिक आधार पर प्रतिदर्श आहरित करना

STUDY OF EDUCATION YOUTUBE CHANNEL

(b) प्रतिदर्श आकार का निर्णयन, लक्षित समग्र को परिभाषित करना, लक्षित समग्र की सभी इकाइयों को सूचीबद्ध करना और यादृच्छिक आधार पर प्रतिदर्श आहरित करना

(c) लक्षित समग्र की सभी इकाइयों को सूचीबद्ध करना, प्रतिदर्श आकार का निर्णयन, लक्षित समग्र को परिभाषित करना और यादृच्छिक आधार पर प्रतिदर्श आहरित करना

(d) यादृच्छिक आधार पर प्रतिदर्श आहरित करना, प्रतिदर्श आकार का निर्णयन, लक्षित समग्र को परिभाषित करना और लक्षित समग्र की सभी इकाइयों को सूचीबद्ध करना

86. नीचे दो कथन दिए गए हैं-पहला कथन अभिकथन (A) के रूप में अंकित है और दूसरा तर्क (R) के रूप में अंकित है

अभिकथन (A) विभिन्न स्तरों पर सभी अध्यापक शिक्षा कार्यक्रमों को एकसाथ लाने के लिए सजग प्रयास किए जा रहे हैं, जो स्तर-विशेष और कार्यक्रम विशेष ज्ञान आधार के विभिन्न प्रकारों का संकेतक है।

तर्क (R) एन सी टी ई ने सांविधिक स्थिति प्राप्त कर ली है और अध्यापक शिक्षा पर एक वैचारिक दस्तावेज निकाला है।

उपरोक्त दोनों कथनों के आलोक में सही विकल्प चुनिए

(a) A और R दोनों सही हैं तथा R,A का सही स्पष्टीकरण है

(b) A और R दोनों सही हैं, परन्तु R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं है

(c) A सही है, किन्तु R गलत है

(d) A गलत है, किन्तु R सही है

87. नीचे दो कथन दिए गए हैं-पहला कथन अभिकथन (A) के रूप में अंकित है और दूसरा तर्क (R) के रूप में अंकित है

STUDY OF EDUCATION YOUTUBE CHANNEL

अभिकथन (A) आप लोगों को अत्यधिक लगाव, मनोग्रसित और बाध्यकारिताओं के साथ देख सकते हैं, जो अपने स्वास्थ्य और परिवार से पहले काम को रखते हैं, परन्तु यह सामान्य नहीं है। काम आखिरकार काम ही होता

तर्क (R) एक प्रबन्धक के रूप में सफलता की कुंजी प्रभावी रूप से हस्तक्षेप करना, सही समय पर सही काम करना है।

उपरोक्त दोनों कथनों के आलोक में सही विकल्प चुनिए

(a) A और R दोनों सही हैं तथा R, A का सही स्पष्टीकरण है

(b) A और R दोनों सही हैं, परन्तु R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं है

(c) A सही है, किन्तु R गलत है

(d) A गलत है, किन्तु R सही है

88. नीचे दो कथन दिए गए हैं-पहला कथन अभिकथन (A) के रूप में अंकित है और दूसरा तर्क (R) के रूप में अंकित है

अभिकथन (A) प्रभावी नेता लोगों को प्रेरित करता है।

तर्क (R) लोग अपना बेहतरीन देने के लिए स्व-प्रेरित हो सकते हैं।

उपरोक्त दोनों कथनों के आलोक में सही विकल्प चुनिए

(a) A और R दोनों सही हैं तथा R,A का सही स्पष्टीकरण है

(b) A और R दोनों सही हैं, परन्तु R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं है

(c) A सही है, किन्तु R गलत है

(d) A गलत है, किन्तु R सही है

89. नीचे दो कथन दिए गए हैं-पहला कथन अभिकथन (A) के रूप में अंकित है और दूसरा तर्क (R) के रूप में अंकित है

STUDY OF EDUCATION YOUTUBE CHANNEL

अभिकथन (A) बजट, किसी दी गई समयावधि का व्यय और प्राप्तियों का सन्तुलित आकलन है।

तर्क (R) किसी शैक्षणिक प्रशासक के हाथों में, बजट पिछले प्रदर्शन का एक दस्तावेज, वर्तमान नियन्त्रण का एक प्रकार और भविष्य की योजनाओं का प्रक्षेप है।

उपरोक्त दोनों कथनों के आलोक में दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए

(a) A और R दोनों सही हैं तथा R, A का सही स्पष्टीकरण है

(b) A और R दोनों सही हैं, परन्तु R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं है

(c) A सही है, किन्तु R गलत है

(d) A गलत है, किन्तु R सही है

90. नीचे दो कथन दिए गए हैं-पहला कथन अभिकथन (A) के रूप में अंकित है और दूसरा तर्क (R) के रूप में अंकित है

अभिकथन (A) पुरातन भारत में, विद्यार्थी की आन्तरिक प्रकृति या चरित्र का विकास, शिक्षा के अनिवार्य लक्ष्यों में से एक माना जाता था।

तर्क (R) चरित्र के विकास के बिना केवल बौद्धिक विकास, विद्यार्थीवृत्ति के मूल लक्ष्यों को विफल करेगा।

उपरोक्त दोनों कथनों के आलोक में सही विकल्प चुनिए

(a) A और R दोनों सही हैं तथा R, A का सही स्पष्टीकरण है

(b) A और R दोनों सही हैं, परन्तु R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं है

(c) A सही है, किन्तु R गलत है

(d) A गलत है, किन्तु R सही है

निर्देश निम्नलिखित गद्यांश को सावधानी से पदिए तथा सम्बन्धित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

ज्ञान हेतु कोई सरल उपाय नहीं है। इसका प्रमुख कारण यह है कि यथार्थ एक सृजनात्मक कार्य व्यापार है। ज्ञान को इसके अनुरूप होने के लिए इसे एक सृजनात्मक क्रिया का रूप लेना चाहिए। इसलिए मैं किसी

STUDY OF EDUCATION YOUTUBE CHANNEL

यथार्थ की अभिव्यक्ति को उसकी प्रक्रिया से परे नहीं मानता। इसका तात्पर्य यह नहीं है कि ऐसे अनुभव के महत्त्व को नकारा जाए, अपितु केवल संज्ञानात्मक मूल्य के रूप में इस सत्य को स्वीकार किया जाए। इससे लोगों को कम-से-कम यह आश्वासन मिलता है कि वे ऐसी सृजनात्मक प्रक्रिया में निहित प्रतिभागिता सम्बन्धी कठोरता को अक्षुण्ण रखें, जो अपने आपमें एक यथार्थ हो, इसके शिखर पर यह उस काल्पनिक समाज के अंगभूत रूप में कार्य करता है, जिससे मानव अभिनव मूल्यों के सर्जक बनें तथा शुभ एवं सुन्दर के उद्‌भावक। तथापि मैं एक निरपेक्ष एवं शाश्वत् मूल्यों के आदर्श से असहमत हूँ, क्योंकि ये कल्पित हैं। किसी अन्य प्रकार के सृजन की भाँति कल्पना कुछ भी न होने से कुछ कल्पना करना नहीं है, अपितु इस प्रकार यह पुनः रचित या पुनः संयोजित होने की प्रक्रिया है। इस प्रकार कल्पना अनुभव से अनुबन्धित होती है और इससे ज्ञान के एक लघु सोपान की सीमाओं को ही बढ़ाया जा सकता है। समाज सभी मूल्यों का भण्डार गृह है। यह सत्यम्, शिवम् एवं सुन्दरम् के निर्धारण में अन्तिम निर्णायक होता है। सत्यम्, शिवम् या सुन्दरम् वही होता है, जिसे समाज मानक के रूप में प्रतिष्ठित करता है। हम जानते हैं कि ऐतिहासिक दृष्टि से एक समाज निकाय होता है, जिसमें सत्यम्, शिवम् एवं सुन्दरम् के मानक पृथक्-पृथक् रूप में विहित होते हैं और इनमें परस्पर द्वन्द्व भी सम्भव है। हम निःसन्देह एक ऐसे एकल समाज की कल्पना कर सकते हैं, जो सभी लोगों के लिए स्वीकार्य हो। ऐसे काल्पनिक समाज की दिशा में लोग अपने दायित्वों में ही सिमट जाते हैं।

इस बात की कल्पना करना सम्भव है कि मानववादी आदर्श क्यों पूर्ण या अन्तिम होता यहाँ ऐसे समाज की कल्पना की जा सकती है, जिसमें मानवता अधिक हो। वास्तव में, वैज्ञानिकों ने यह संकेत दिया है कि मानवता को ऐसे कर्तव्य का निर्वहन करना पड़ सकता है, जो मानवेतर प्रकार का भी हो और उसमें अत्यधिक मानव शोषण के लिए प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण से जुड़ी उपयोगितावादी सर्व-स्वीकृत भावना भी न हो।

91. ज्ञान और यथार्थता के बीच की अनुरूपता में निम्नलिखित में से क्या निहित होता है?

(a) मूल्य निर्माण

(b) यान्त्रिक कृत्य

(c) सृजनात्मक प्रक्रिया

(d) संज्ञानात्मक मूल्य सत्य

STUDY OF EDUCATION YOUTUBE CHANNEL

92. सृजनात्मक प्रक्रिया में प्रतिभागिता सर्वोच्च होती है

(a) मानव को इसे बनाए रखने में सुनिश्चितता प्रदान करने में

(b) प्रतिभागिता की प्रक्रिया को तनावपूर्ण रखने में

(c) निरपेक्ष मूल्यो के सृजन को अग्रसर करने में

(d) नए आदर्शों के उद्भावक होने में

93. कल्पना का प्रकार्य है

(a) पहले से ज्ञात दो वस्तुओं का संयोजन

(b) कुछ न होने पर कुछ करना

(c) सुधार और संयोजन

(d) सुधार और संयोजन नए तरीके से करना

94. किस कारण से मूल्यों के मानक अलग-अलग होते हैं?

(a) समाज में मतभेद होने से

(b) समाज में मूल्यों का टकराव होने से

(c) वैयक्तिक मूल्यों में टकराव से

(d) समाज के दायित्वों से

95. लेखक के अनुसार मानवतावादी आदर्श है

(a) नियत और अन्तिम

(b) सापेक्ष और चुनौतीपूर्ण

(c) निरपेक्ष और अन्तिम

(d) व्यापक और वृहद्

निम्नलिखित अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए

STUDY OF EDUCATION YOUTUBE CHANNEL

नेतृत्व की हमेशा आद्य भावनात्मक भूमिका रही है। निःसन्देह मानव जाति के प्रमुख नेताओं-चाहे जनजातियों के अगुआ हों या ओझा हों-ने अपना स्थान बनाया, क्योंकि उनका नेतृत्व भावनात्मक रूप से बाध्यकारी था। सम्पूर्ण इतिहास और हर संस्कृति में किसी मानव समूह का नेता ऐसा व्यक्ति होता है, जिसकी ओर लोग अनिश्चितता या संकट का सामना करते हुए या जब कोई कार्य करना हो, दृढ़ता और स्पष्टता के लिए देखते हैं। नेता समूह के भावनात्मक मार्गदर्शक के रूप में कार्य करते हैं।

आधुनिक संगठन मे नेतृत्व के अनेक कार्यों में आद्य भावनात्मक कार्य-हालाँकि अब अधिकांशतः अदृश्य होते हैं-सामूहिक भावनाओं को सकारात्मक दिशा में ले जाना, विषाक्त भावनाओं द्वारा सृजित कोहरे को हटाना सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण होते हैं। यह कार्य बोर्डरूम से लेकर दुकानों तक सर्वत्र नेतृत्व पर लागू होता है।

साधारण तौर पर किसी मानव समूह में नेता के पास प्रत्येक व्यक्ति की भावनाओ को बहा ले जाने की सर्वाधिक शक्ति होती है। यदि लोगों की भावनाओं में उत्साह भरा जाता है, तो कार्य निष्पादन बढ़ सकता है, यदि लोगों को विद्वेष और चिन्ता की ओर ले जाया जाता है, तो वे अलग-थलग पड़ जाते हैं। यह मूल नेतृत्व के दूसरे महत्त्वपूर्ण पहलू को दर्शाता है। इसके प्रभाव यह सुनिश्चित करने से परे हैं कि कोई कार्य ठीक से किया गया है। नेताओं के अनुगामी सहारा देने वाले भावात्मक सम्बन्ध-तद्‌भूति के लिए अपने नेता की ओर देखते हैं। सभी प्रकार के नेतृत्व में बेहतरी या और बुरे के लिए यह मूल आयाम शामिल है। जब नेतागण भावनाओं को सकारात्मक दिशा में ले जाते हैं, तो वे सभी में निहित उत्कृष्टता को आकार देते हैं। हम इस प्रभाव को प्रतिस्फुरण कहते हैं। जब वे भावनाओं को नकारात्मक दिशा में ले जाते हैं, तो नेतागण एक बेसुरापन के उत्सर्जक बन जाते हैं और ऐसी भावनात्मक आधारशिलाओं को कमजोर कर देते हैं, जो लोगों को देदीप्यमान करते हैं। कोई संगठन ज्योतिहीन हो जाएगा या पुष्पित-पल्लवित होगा, यह बात बहुत हद तक इस मूल भावनात्मक आयाम में नेताओं की प्रभाविता पर निर्भर करती है।

96. इस अवतरण के अनुसार नेता किस कारण से लोकप्रिय हुए हैं?

(a) समाज में लोगों की आवश्यकताओं के ज्ञान की क्षमता

(b) मार्गदर्शन करने की उनकी भावनात्मक क्षमता

STUDY OF EDUCATION YOUTUBE CHANNEL

(c) उनकी हावी होने की प्रकृति

(d) लोगों को भटकाने की उनकी योग्यता

97. दूसरे व्यक्तियों को प्रभावित करने सम्बन्धी भावात्मक गुण क्या है?

(a) विशिष्ट कार्यस्थल तक ही सीमित रहना

(b) अधिकांशतः अदृश्य रहना

(c) अधिकांशतः दृश्य रहना

(d) विषाक्त भाव पैदा करना

98. दूसरों को प्रभावित करने की नेता की क्षमता की परिणति हो सकती है

(a) उम्मीदें बढ़ाने में

(b) अनुगामियों के एकात्मक सम्बन्धों को बढ़ावा देने में

(c) तनाव बढ़ाने में

(d) आत्म-प्रत्यक्षीकरण की अभिवृद्धि में

99. इस अवतरण के मुख्य विचार को अधोलिखित किस शीर्षक द्वारा व्यक्त किया जा सकता है?

(a) मानवीय भाव

(b) जादू-टोने सम्बन्धी नेतृत्व

(c) नेतृत्व शैली

(d) प्रतिस्फुरक नेतृत्व

100. एक प्रभावी नेता वह है, जो

(a) परिवर्तन लाता है

(b) परिवर्तन को दिशा देता है

STUDY OF EDUCATION YOUTUBE CHANNEL

(c) दूसरे व्यक्तियों में रूपान्तरण/बदलाव है

(d) दूसरे व्यक्तियों को प्रेरणा प्रदान करता है

STUDY OF EDUCATION YOUTUBE CHANNEL